## संक्षिप्त

### वस्त्र की सेवा से 200 बच्चे लाभान्वित

**अजमेर,** (कासं)। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल, लायन अतुल पाटनी, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी एवं अन्य भामाशाहों के सहयोग से आवश्यकता अनुरूप सेवा के अंतर्गत अजमेर के विभिन्न स्लम एरिया नागफ़ानी, बैराज रोड, कोटड़ा क्षेत्र आदि में रहने वाले जरूरतमंद परिवार के 200 से अधिक बच्चों को पेंट शर्ट, टी शर्ट, सलवार सूट, प्लाजो, चुन्नी आदि की सेवा का वितरण किया। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के संयोजन में दी गई सेवा के क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओ के माध्यम से क्रमबद्ध तरीके से वस्त्र वितरण के कार्य को संपन्न कराया। सेवा पाकर सभी लाभार्थियों ने सेवा सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

### अटल जन सेवा शिविर गुरुवार को

**अजमेर,** (कासं)। आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को समस्त ब्लॉक स्तर पर अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलैक्टर ज्योति ककवानी ने बताया कि उपखण्ड स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई को अटल जन सेवा शिविर में समायोजित किया गया है। ये शिविर गुरूवार सुबह 10 बजे से जनसुनवाई पूरी होने तक आयोजित होंगे। इनमें समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इनके लिए सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपखण्ड पुष्कर एवं रूपनगढ़ के शिविर उपखण्ड मुख्यालय पर तथा उपखण्ड अजमेर, नसीराबाद, किशनगढ़, पीसांगन, अरांई, केकड़ी, सावर, भिनाय एवं सरवाड़ के शिविर पंचायत समिति मुख्यालय पर आयोजित होंगे। जिला कलैक्टर लोक बन्धु द्वारा पुष्कर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में जनसुनवाई की जाएगी।

### पंचाल बनी संयोजिका

**डूंगरपुर।** शहर में सामाजिक सरोकार के कार्य और अपने भजनों के द्वारा चर्चित गंगेश्वर महादेव मंदिर प्रगति नगर की महिला भजन ग्रुप की प्रणेता और संयोजिका शारदा मालपानी द्वारा डूंगरपुर शहर से हमेशा के लिए बाहर चले जाने से भजन ग्रुप के द्वारा किए जा रहे कार्य की निरंतरता बनाए रखने और उन्हें गति देने हेतु संयोजिका का दायित्व मातृ शक्ति ग्रुप की पूर्व महिला अध्यक्ष अंशु माला पंचाल को दिया गया। भजन ग्रुप मातृ शक्ति द्वारा यह तय किया गया कि सभी की सहमति और सहयोग से भजन ग्रुप के आगे से सभी कार्य अंशुमाला पंचाल के नेतृत्व और उनके सानिध्य और रमा बेन शाह के दिशा निर्देश में होंगे।

### डाक अदालत 9 जून को

**डूंगरपुर।** डाक विभाग के तत्वावधान में 9 जून को प्रातः 11 बजे से अधीक्षक डाकघर डूंगरपुर मण्डल डूंगरपुर के कार्यालय में डाक अदालत का आयोजन रखा गया है। अधीक्षक डाकघर डूंगरपुर मण्डल से प्राप्त जानकारी के अनुसार डाक अदालत में जनता की समस्याओं की सुनवाई कर उसका निराकरण किया जावेंगा। डाक विभाग की समस्याओ के तहत काउन्टर सेवा, मनीऑर्डर, बचत बैक, मूल्यदेय वस्तुएं, पार्सल व बीमा वस्तुएं, डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा, स्पीड पोस्ट वस्तुएं एवं विदेशी डाक वस्तुएं आदि समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जायेगा।

# जैन समुदाय का 16 दिवसीय शांति विधान का समापन

- कार्यक्रम के संयोजक प्रेमचंद जैन के अनुसार 16 दिवसीय विधान के पुण्यार्जक आशा शुभम परिवार के द्वारा मुख्य कलश स्थापित किया गया ह

**अजमेर** । विद्यासागर तपोवन क्षत्रिय योजना में जैन समुदाय के द्वारा 16 दिवसीय शांति विधान के आयोजित कार्यक्रम का आज समापन का शुभारंभ भगवान के अभिषेक शांतिधारा के साथ प्रारंभ हुआ।

कार्यक्रम के संयोजक प्रेमचंद जैन के अनुसार 16 दिवसीय विधान के पुण्यार्जक आशा शुभम परिवार के द्वारा मुख्य कलश स्थापित किया गया है यह ही प्रतिदिन कार्यक्रम के पुण्यार्जक रहे। आज समापन कार्यक्रम के पुण्यार्जक अनिल जैन व प्रदीप जैन रहे। मंडल विधान की परिकल्पना एवं उसकी संरचना मनोज शेट्टी व चंद्रप्रभा सेठी के द्वारा की गई। पंडित धन कुमार के द्वारा बडे हर्ष और उल्लास के साथ विधान की पूजा की गई जिसमें विशेष सहयोगकर्ता राजकुमार सोगानी, सुरेश जैन, नीरज जैन, ज्ञानचंद जैन का सहयोग रहा। मुख्य पुण्यार्जक के द्वारा सभी सहयोगियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।

विश्व शांति एवं कल्याण हेतु आयोजित कार्यक्रम में सुबोध जैन, रमेश जैन, मनीष सेठी, प्रभाचंद जैन, नरेश जैन, ललित जैन, चंद्रप्रकाश जैन, त्रिलोक जैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को विशेष रूप से विमी जैन, सुनीता, आशा जैन व उनके सहयोगी ने संगीत के साथ विधान का समापन कराया। कार्यक्रम के अंत में विश्व शांति हेतु हवन किया गया तत्पश्चात सर पर मंगल कलश रखकर श्रीजी को मंदिर में विराजमान करने हेतु जुलूस के रूप में ले जाया गया। अंत में मुख्य पुण्यार्जक के द्वारा वात्सल्य भोज के साथ आभार व्यक्त किया गया।

## सभापति का आभार जताया

**डूंगरपुर।** नगर परिषद् सभापति कार्यालय में वार्ड नं 19 में आंगनवाडी केंद्र का 1० वर्षो निलम्बित पट्टा दिया गया। पार्षद जितेंद्र भोई ने बताया की आंगनवाडी में रहने वाले बच्चे बहुत समय से किराये पर कमरा लेकर रहते आ रहें है। उनको बहुत परेशानियों का सामना करना पढ रहा था वार्ड नं 19 के लोगों के बहुत प्रयासों के बाद आंगनवाडी का पट्टा रुका हुआ था। आज राज भोई समाज द्व ारा सभापति अमृत कलासुआ का माला और पगढी पहना कर आभार जताया। राज भोई समाज ने कहा की अमृत कलासुआ के इस बोर्ड ने वार्ड में बहुत अच्छे कार्य किये गए है वार्ड में पार्क की जरूरत थी तो सभापति द्वारा वार्ड में पार्क का निर्माण करवाया गया वही वार्ड में बारिश के समय पर पुरे शहर का पानी भोईवाडा से गुजरता हे तो भोईवाडा में नाले का निर्माण करवाया गया।

## सार-समाचार

**संत कबीर की जयंती पर धार्मिक आयोजन**

अजमेर, 11 जून (कासं)। संत कबीर साहिब की जयंती पर बुधवार को राजावीर साहिब दरबार में महन्त टहलगिरी गोस्वामी और भक्तियाणी रेखा के सान्निध्य में धार्मिक आयोजनों के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महंत टहलगिरी गोस्वामी ने अपने प्रवचनो में बताया कि कबीर साहिब का जन्म बनारस वाराणसी में हुआ था। कबीर दास कभी खुद को अल्लाह और कभी राम का बच्चा बताते थे। उन्हें अपनी कलात्मक तीक्ष्णता के लिए श्रेय दिया जाता है। कबीर दास एक बुनकर थे जो अपना अधिकांश समय करघे पर बिताते थे, लेकिन जिस तरह से उन्होंने हिंदुओं और मुसलमानों के पारंपरिक क्षेत्रों में समान रूप से जादू बुना था, वह कुछ ऐसा है जिसे कभी भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। कबीर साहिब का हिंदू और मुसलमान दोनों ने ही अंतिम संस्कार करने के लिए शव पर दावा किया था। उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा जब कबीर दास ने खड़े होकर उनसे अपने शव को उठाने और नीचे देखने के लिए कहा। वहाँ फूलों की एक सुंदर कतार के अलावा कुछ नहीं था। राजावीर दरबार और पूज्य सिन्धी पंचायत के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि कबीर साहिब का मुख्य विख्यात दोहा है दु:ख में सुमिरन सब करे सुख में करे न कोय जो सुख में सुमिरन करे तो दु:ख काहे को होये। दरबार में आरती एपंजडे, महिला मंडल द्वारा भजन, कबीर दास की जीवनी का वर्णन और अन्य आयोजन हुए।

**प्राप्तांकों की पुनर्गणना का अवसर**

अजमेर, 11 जून(कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विधि रचनाकार (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 में साक्षात्कार के लिए सफल रहे अभ्यर्थियों को प्राप्तांको की पुनर्गणना कराने का अवसर दिया गया है। इसके लिए अभ्यर्थी 12 से 20 जून को रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आयोग सचिव ने बताया कि परीक्षा का आयोजन 14 जुलाई 2024 को किया गया। अभ्यर्थियों की पात्रता जांच के लिए विचारित सूची 11 दिसंबर 2024 को जारी की गई थी। विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच कर साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों का परिणाम 17 फरवरी 2025 को जारी किया गया। साक्षात्कार के लिए सफल अभ्यर्थियों के प्राप्तांक 2 जून 2025 को आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं।

**प्रशिक्षण वर्ग का चौथा दिन**

डूंगरपुर। विद्या भारती शिक्षण संस्थान की ओर से विद्यानिकेतन माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती में आयोजित दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के चौथे दिन विद्या भारती संस्थान जिला डूंगरपुर के माननीय अध्यक्ष श्रीमान जय प्रकाश चौबीसा एवं लघु उद्योग भारती बांसवाडा संभाग के प्रभारी श्रीमान पवन कुमार जी जैन के आतिथ्य में वंदना एवं बौद्धिक सत्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला बालिका शिक्षा प्रभारी दिव्या जैन ने पधारे हुए अतिथि का परिचय करवाया एवं सह जिला सचिव दिनेश व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया।

## 12 से 16 जून तक ऑनलाइन आवेदन में संशोधन का अवसर

- सहायक निदेशक (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग) भर्ती-2024

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक निदेशक (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग) भर्ती-2024 अंतर्गत 12 से 16 जून रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन में संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों को दिया गया है। निर्धारित अवधि के बाद लिंक स्वतः निष्क्रिय हो जायेगा। अभ्यर्थी संशोधन हेतु केवल ऑनलाइन संशोधन के विकल्प का ही प्रयोग करें। ऑफलाइन संशोधन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

आयोग सचिव ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के लिए सहायक निदेशक के 9 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या 01/2024-25 14 जून 2024 को जारी किया गया। उसके बाद विभाग से प्राप्त प्रस्तावानुसार उक्त 9 पदों के स्थान पर 11 पदों पर भर्ती किए जाने के संबंध में शुद्धि पत्र संख्या 04/2025-26 19 मई 2025 को जारी किया गया। चूंकि मूल विज्ञापन में ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए पद विज्ञापित नहीं था लेकिन उक्त शुद्धि पत्र अनुसार ईडब्ल्यूएस वर्ग के 1 पद पर भर्ती की जानी है। अत: उक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन करने का अन्तिम अवसर अभ्यर्थियों को प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधामात्र है। संशोधन परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगी।

# शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**डूंगरपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (लोकतांत्रिक) के प्रदेशाध्यक्ष सुभाषचंद्र भट्ट एवं मुख्य संरक्षक जगेश्वर शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष हरिओम पंचाल ने बताया कि शिक्षा विभाग से संबंधित निम्न प्रमुख मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की मांग की गई। शिक्षा विभाग में वर्षों से कार्यरत संविदा शिक्षको को अविलंब नियमित कर राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। कई वर्षों से स्थानांतरण का इंतजार कर रहे तृतीय श्रेणी शिक्षको का स्थानांतरण इस ग्रीष्मावकाश के दौरान किए जाए। असाध्य बीमारी से ग्रसित समस्त संवर्ग के शिक्षको शिक्षको का स्थानांतरण उनके गृह क्षेत्र में अविलंब किए जाए। पांच वर्षों से लंबित तृतीय श्रेणी शिक्षको की डीपीसी अविलंब कराते हुए प्रति वर्ष समस्त संवर्ग के शिक्षको की डीपीसी पश्चात् पदस्थापन परामर्श शिविर के माध्यम से कराई जाए। संस्कृत शिक्षा विभाग में भी समस्त संवर्ग की डीपीसी पश्चात् पदस्थापन परामर्श शिविर के माध्यम कराया जाए। साथ ही समस्त संवर्ग के शिक्षको का स्थानांतरण किए जाए। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में अनिवार्य रूप से अध्यापक शारीरिक शिक्षा का पद स्वीकृत किया जाएए वर्तमान में जारी नामांकन की बाध्यता को खत्म किया जाए। वर्तमान में जारी स्टाफिंग पैटर्न की गाईड लाईन में संशोधन करते हुए सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सभी अनिवार्यए ऐच्छिक विषयों के व्याख्याताओं तथा वरिष्ठ अध्यापकों के पद सृजित किए जाए। सभी विषयों के लेवल 1 ए लेवल 2 के पद नामांकन के आधार पर सृजित किए जाए। शिक्षको को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जाए। दिया जा रहा पाउडर निर्मित दूध पीने में बच्चों की रुचि ना के बराबर है अत:पाउडर निर्मित दूध के बजाय तैयार बिस्किट, सिंग, चना, गुड आदि खाद्य पदार्थ दिए जाए।

## ऑफिस के बाहर से क्रेन चालक युवक का अपहरण

- स्कार्पियो में सवार होकर आए बदमाश
- जबरन गाड़ी में डाल कर हुए फरार, पुलिस ने कराई नाकाबंदी

**अजमेर,** (कासं)। आदर्श नगर थाना क्षेत्र से बुधवार सुबह उस समय हडकंप मच गया, जब काले रंग की स्कार्पियो में सवार होकर बदमाशों ने परबतपुरा बाइपास चरनाल पेट्रोल पंप के पास हाईवे से एक क्रेन चालक युवक का अपहरण कर फरार हो गए। बदमाशों ने वारदात से पहले रैकी की। जैसी युवक अपने ऑफिस पहुंचा, उससे पहले ही बदमाश एक पेट्रोल पंप पर गाड़ी लेकर खड़े थे। युवक के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी कर आरोपी बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

**अपहरण से पहले की थी रैकी:** पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मांगलियावास निवासी लोकेश गोस्वामी प्रतिदिन की तरह बुधवार सुबह 6 बजे अपने घर से काम पर निकला था। वे अपनी कार लेकर आदर्श नगर थाना क्षेत्र के परबतपुरा बाइपास हाईवे क्षेत्र के चरनाल पेट्रोल पंप के पास पहुंचा और ऑफिस के बाहर गाड़ी खड़ी कर बाहर निकला, वैसे ही पेट्रोल पंप के पास घात लगाए बैठे स्कार्पियो सवार बदमाशों ने जबरन अपनी गाड़ी में डाला और मौके से फरार हो गए। घटना के समय आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने आदर्श नगर थाना पुलिस को सूचना दी। अपहरण से पूर्व बदमाशों ने पूरी रैकी की थी।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस:** सूचना मिलते ही थाना प्रभारी छोटेलाल मीणा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस को मौके से पीडित् युवक का एक जूता बरामद हुआ। बदमाशों द्वारा जबरन घसीट कर ले जाते समय वहीं गिर गया था। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके।

**पुलिस ने कराई नाकाबंदी:** सीओ ओमप्रकाश ने बताया कि क्रेन चालक लोकेश गोस्वामी के अपहरण की सूचना मिलते ही जिले में नाकाबंदी कर दी गई है। थाने और जिले की स्पेशल टीम को तलाश में लगाया गया है। पुलिस को अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है, लेकिन मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर स्कार्पियो और बदमाशों की पहचान में जुटी है। जिले में अलर्ट जारी कर नाकाबंदी की गई है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं परिजन बेटे की सलामती की दुआ कर रहे हैं। जिले में अलर्ट जारी कर नाकाबंदी की गई है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है,

**दस वर्षों से क्रेन का काम कर रहा है युवक:** पीडित् लोकेश के पिता लक्ष्मण गोस्वामी ने बताया कि वे भी काम पर गए हुए थे, तभी मांगलियावास थाना पुलिस से फोन आया कि उनके बेटे का अपहरण हो गया है। पिता ने बताया कि लोकेश शादीशुदा है और उसके दो बेटे हैं। पिछले दस वर्षों से क्रेन चलाने का काम करता है और उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। परिजन बेटे की सलामती की दुआ कर रहे हैं।

# आरएएस भर्ती-2023 के साक्षात्कार का पांचवां चरण 23 जून से प्रारंभ

**सहायक आचार्य फिजिक्स के साक्षात्कार का द्वितीय चरण भी 23 जून से**

- विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
- उक्त भर्तियों के तहत संबंधित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे।

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती-2023 साक्षात्कार के पांचवें चरण एवं सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती, 2023 के अंतर्गत फिजिक्स विषय के साक्षात्कार का कार्यक्रम जारी किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती, 2023 के तहत पांचवें चरण के साक्षात्कार का आयोजन 23 जून से 3 जुलाई तक निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। इस भर्ती के लिए साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थी ऑनलाइन भरे गए विस्तृत आवेदन-पत्र डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

**सहायक आचार्य फिजिक्स के साक्षात्कार का द्वितीय चरण -** सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत फिजिक्स विषय हेतु द्वितीय चरण के साक्षात्कार का आयोजन भी 23 जून से 3 जुलाई तक किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं, वे अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन-पत्र आयोग वेबसाइट से डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उक्त भर्तियों के तहत संबंधित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटो युक्त मूल पहचान पत्र एवं समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।




